दिनांक 4 मार्च 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

इंटरकनेक्शन के लिए स्मृति नगर टंकी के सामने पाइप फिटिंग का कार्य प्रगति पर, कल शाम तक जल प्रदाय होने की संभावना

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत इंटरकनेक्शन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से टंकियों को जोड़ने का कार्य जारी है जिसके तहत नेहरू नगर एवं गुरुद्वारा के पास गड्ढा करके वाल्व एवं बैंड पाइप लगाया जा चुका है कंक्रीटी करण का कार्य भी दोनों स्थलों पर पूर्ण हो चुका है जिसे सूखने में समय देना होगा! जल कार्य के अधिकारियों ने बताया कि यदि सब कुछ सही रहा तो कल शाम तक जल प्रदाय किया जा सकता है! बेमौसम हुए बारिश से गड्ढों में जलभराव हो गया था , जल कार्य के अधिकारियों ने निरीक्षण कर पानी को खाली कराया और काम सुचारू रूप से जारी रखने के निर्देश दिए! देर रात तक कार्य करने के लिए विद्युत व्यवस्था भी की गई है , जल्द से जल्द लोगों को पानी मिल सके इसके लिए कयावद जारी है! नेहरू नगर एवं स्मृति नगर तथा खमरिया को 66 एमएलडी से पानी देने के लिए इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है! इसके लिए पूर्व से गड्ढा खोदने का कार्य किया जा रहा था ताकि समय पर इंटरकनेक्शन का कार्य पूर्ण हो सके! स्मृति नगर पानी टंकी के समीप पाइप फिटिंग का कार्य किया जा रहा है जो कि आज रात्रि में पूर्ण होने की संभावना है! 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र से पानी देने के लिए 9 टंकियों को जोड़ा जाना है! पूर्व में तीन और इंटरकनेक्शन किए जा चुके हैं , शटडाउन के दौरान मेन चैनल, फिल्टर बेड आदि की भी सफाई कराई गई थी! ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य किया जा रहा है!